गोपनीय

योगेश चन्द्र **संयुक्त सचिव**		7/अर्द्व0शा0प0सं0-22(20)2013/का-1-2013 उत्तर प्रदेश शासन कार्मिक अनुभाग-1 लखनऊ :: दिनांक 12 दिसम्बर, 2013

प्रिय महोदय,

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अंतर्गत अपर निदेशक के पद पर चयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 05.12.2013 को विभागीय चयन समिति की बैठक संपन्न हुई। चयन समिति द्वारा **श्री शम्भू प्रसाद जोशी** को अपर निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

2. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

3. अत: मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)

श्री अरूण सिंघल,
प्रमुख सचिव,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in